

# डंपर की चपेट में आने से नवयुवक की दर्दनाक मौत

## परिजनों ने किया चक्काजाम

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ साईखेड़ा।** जिले के साईखेड़ा थाना अंतर्गत झिकोली रोड स्थित कुइया तिराहे पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार नवयुवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया और परिजनों सहित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर घंटों चक्का जाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तूमड़ा निवासी इंदर सिंह चौधरी के पुत्र शैलेश चौधरी अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना




भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गाडरवारा सिविल अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने घटनास्थल पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। करीब पांच घंटे तक सड़क पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा। मौके पर पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, थाना पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौजूद रहा और लोगों को समझाइश देने का प्रयास करता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि इसी स्थान पर पूर्व में भी मृतक शैलेश चौधरी के जीजा की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है, जिसके कारण परिवार गहरे सदमे में है। लोगों ने सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ विभिन्न मांगों को लेकर सौंपेगा ज्ञापन


**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण को लेकर संघ के वैनर तले आगामी 26 मई को मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री मध्यप्रदेश सरकार के नाम किसानों आम नागरिकों की गंभीर समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन एस डी एम गाडरवारा को सौंपा जाएगा। राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने स्पष्ट किया है कि विद्युत विभाग द्वारा वर्तमान समय में जिला नरसिंहपुर में रात्रि कालीन समय में घरेलू एवं कृषि क्षेत्र में लोड रिलीफ़ एवं मेंटेनेंस के नाम से की जा रही कटौती का तुरंत निदान हो। वर्ष 2026 में मुख्य रूप से मूंग एवं उड़द की 100 प्रतिशत रूस्क पर बिक्री सुनिश्चित कर जल्द से जल्द मूंग बिक्री की तिथि निर्धारित की जाए। हजारों किसान वेयरहाउस में रिक्त क्षमता शून्य होने के कारण गेहूं बिक्री के लिए स्लॉट बुक नहीं कर पाए हैं ऐसे किसानों को पुन: स्लॉट उपलब्ध कराए जाएं। ई टोकन के माध्यम से खाद वितरण प्रणाली में आ रही समस्याओं का निराकरण करें अनेक ग्रामों में गर्मी के समय में पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाती ऐसे ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।यदि सरकार शीघ्र इन मांगों पर संज्ञान नहीं लेती तो राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ बड़े आंदोलन के लिए।

# सबसे दूर सबसे पहले जनभागीदारी अभियान

**नवभारत/ चीचली।** जिले की जनपद पंचायत चीचली अंतर्गत ग्राम पंचायत माल्हनवाड़ा (इकलोनी) के गोंडवाना भवन में शुक्रवार को सबसे दूर सबसे पहले जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जनसुनवाई एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता कलेक्टर रजनी सिंह ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने स्कूली बच्चों को निःशुल्क साइकिल एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर उन्हें नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। शिविर में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कलावती व्यारे सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विशेष रूप से सभी जिला स्तरीय अधिकारी एक ही वाहन से सामूहिक रूप से शिविर स्थल पहुंचे, जिससे प्रशासन की समन्वित कार्यप्रणाली देखने को



मिली। ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर दिए त्वरित समाधान के निर्देश शिविर के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याएं सुनीं। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों ने राशन, पेंशन, आधार सुधार, स्वास्थ्य सेवाएं, आवास, बिजली एवं राजस्व संबंधी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। आधार कैम्प में बने नए कार्ड, किए गए सुधार शिविर में आधार सेवा कैम्प लगाकर बच्चों एवं ग्रामीणों के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा पुराने कार्डों में नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं अन्य आवश्यक सुधार किए गए। आधार सेवाओं के लिए ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। विभिन्न विभागों ने दी योजनाओं की जानकारी शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0, पोषण आहार वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, मनरेगा जॉब कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पशु केसीसी, किसान सम्मान निधि, संबल योजना, अनुग्रह सहायता एवं अंत्येष्टि सहायता राशि तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया।



# श्रंद्धाजलि देने पहुंचे पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस इमझिरा के दीवान परिवार में दी बसंतराज सिंह सरोज सिंह की पूज्य मां एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दीवान शैलेंद्र सिंह की दादी माँ स्व.श्रीमती बतीबाई दीवान के निधन पर म प्र शासन के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा पूर्व विधायक संजय शर्मा के साथ उनके गृहग्राम इमझिरा पहुंचें शोक संतृप्त परिजनो को संबल प्रदान करते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एन पी प्रजापति तथा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत भी उपस्थित रहे।

# 217 परिवारों को दिया जमीन का मालिकाना हक, वर्षों पुराना सपना हुआ पूरा

**नवभारत/ करेली।** नगर पालिका परिषद करेली द्वारा राम वार्ड स्थित पंडित महादेव प्रसाद तिवारी भवन में पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां 217 पात्र हितग्राहियों को भूमि के पट्टों का वितरण किया गया। वर्षों से जमीन पर निवास कर रहे परिवारों को जब मालिकाना हक मिला तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कई हितग्राहियों ने इसे अपने जीवन का सबसे यादगार दिन बताया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं पूजन के साथ हुई। इसके बाद मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन जालम सिंह पटेल उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही




पाठक एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार मंचासीन रहीं। गरीब को उसका अधिकार दिलाना सरकार की प्राथमिकता — जालम सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, जरूरतमंद एवं वर्षों से भूमि पर निवास कर रहे परिवारों को उनका अधिकार दिलाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पट्टा मिलने के बाद अब हितग्राही सम्मान के साथ जीवन यापन कर सकेंगे तथा शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी आसानी से प्राप्त कर पाएंगे। हर पात्र परिवार तक योजना का लाभ पहुंचाना लक्ष्य — रामस्नेही पाठक भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रामसनेही पाठक ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गरीब कल्याण की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों को वर्षों से अपने घर और जमीन का अधिकार नहीं मिल पाया था, आज उन्हें कानूनी रूप से मालिकाना हक दिया जा रहा है। यह सरकार की संवेदनशील सोच का परिणाम है। शहर के हर पात्र परिवार तक पहुंचेंगे सुशीला ममार नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार ने कहा कि नगर पालिका परिषद करेली द्वारा लगातार पात्र परिवारों का सर्वे कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पट्टा मिलने के बाद हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। आगे भी शहर के प्रत्येक पात्र परिवार तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। नगर पालिका द्वारा जानकारी दी गई कि वर्ष 2020 के पूर्व से भूमि पर निवासरत पात्र परिवारों को नियमानुसार पट्टे प्रदान किए जा रहे हैं।


# संघर्ष, संकल्प और सफलता की मिसाल, बहुविकलांग छात्र ने दूसरी बार पास की एमपीपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा

**नवभारत/ गाडरवारा।** क्षेत्र के प्रतिभाशाली बहुविकलांग छात्र दुर्गेश मालवीय ने लगातार दूसरी बार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) प्रीलिम्स परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का शानदार परिचय दिया है। शारीरिक चुनौतियों और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादों के आगे कठिनाइयाँ छोटी पड़ जाती हैं। दुर्गेश ने बिना किसी बड़े कोचिंग संस्थान, आर्थिक सहयोग और विशेष सुविधाओं के स्वअध्ययन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। पढ़ाई के दौरान अनेक परेशानियों और कठिन परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं



मानी। नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच उनकी सफलता का मुख्य आधार बने। उनकी यह उपलब्धि न केवल दिव्यांग विद्यार्थियों, बल्कि हर उस युवा के लिए प्रेरणास्रोत है जो संघर्षों के बीच अपने सपनों को साकार करने का हौसला रखता है। दुर्गेश की सफलता पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर में



# ग्रामीणों ने विद्युत समस्या के समाधान हेतु सब स्टेशन स्थापना की मांग उठाई

**नवभारत/ गाडरवारा।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत कजरोटा, बरहटा एवं घाटपिपरिया के ग्रामीणों और किसानों ने लंबे समय से बनी विद्युत समस्या को लेकर प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से नया सब स्टेशन (पावर हाउस) स्थापित किए जाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने मंत्री को आवेदन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग उठाई। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या बनी हुई है। अधिक लोड के कारण आए दिन ओवरलोड की स्थिति बन रही है, जिससे बिजली कटौती और कम वोल्टेज जैसी परेशानियां लगातार सामने आ रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में सिहोरा स्थित सब स्टेशन पर अत्यधिक भार होने के चलते कजरोटा, बरहटा एवं घाटपिपरिया पंचायतों में नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और किसानों की फसलों की सिंचाई पर पड़ रहा है। रात के समय पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से विद्यार्थियों को पढ़ाई में दिक्कत होती है, वहीं किसानों को सिंचाई कार्य प्रभावित होने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मंत्री से मांग की है कि तीनों ग्राम पंचायतों में से किसी एक उपयुक्त स्थान पर नया सब स्टेशन स्थापित कराया जाए, ताकि क्षेत्र की विद्युत समस्या का स्थायी समाधान हो सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन आज से

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** पुरुषोत्तम मास के दौरान तेंदूखेड़ा क्षेत्र में विविध धार्मिक आयोजन चल रहे हैं।इसी श्रंखला के चलते एवं श्री राधाकृष्ण सरकार एवं मां हरसिद्धि पूज्य गुरुदेव भगवान की कृपा से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा सप्ताह का मंगलमय आयोजन आज 24 से 30 मई तक अपराह्न 4 बजे से शाम 07 बजे तक क्षेत्र के प्रख्यात कथा वाचक पं कृष्णकांत शास्त्री के मुखारविंद से किया जा रहा है। आयोजक श्रीमती जयंती जगदीश ठाकुर अशोक ठाकुर बड्डे नरेंद्र ठाकुर राजेश ठाकुर ने क्षेत्र के सभी श्रोता श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

# श्रृष्टि का सुयश

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षक आर के पाठक एवं शिक्षिका श्रीमती कुसुमलता पाठक की सुपुत्री श्रृष्टि पाठक ने सी बी एस ई परीक्षा कक्षा बारहवीं में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय श्रेणी हासिल करते हुए परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन का अल्टीमेटम

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** भारतीय किसान संघ, महाकोशल प्रांत की नरसिंहपुर इकाई द्वारा रबी उपार्जन में आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर देवंती परते को सौंपा गया। किसान संगठन ने स्पष्ट लहजे में चेतावनी दी है कि यदि इन गंभीर समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण नहीं किया गया, तो किसान आंदोलन की राह पकड़ने के लिए पूरी तरह मजबूर हो जाएंगे। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित रबी उपार्जन वर्ष 2026 में चारों तरफ अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं, जिसकी वजह से किसानों को भारी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। उपार्जन केंद्रों पर छांव और शुद्ध पेयजल जैसी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का सर्वथा अभाव है। संगठन ने यह संगीन आरोप भी लगाया कि कई जिलों के कलेक्टर किसान संगठनों से संवाद करने तक को तैयार नहीं हैं।

# भीषण गर्मी में मूक पशुओं और पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की मार्मिक अपील

**नवभारत/ गाडरवारा।** क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन से मूक पशुओं और पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने की मार्मिक अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तापमान 44 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है, ऐसे में सभी जीव-जंतुओं के जीवन के लिए पानी सबसे महत्वपूर्ण आधार बन गया है। प्यास से व्याकुल मूक पशु-पक्षियों की स्थिति चिंताजनक हो रही है। मुकेश बसेड़िया ने लोगों से निवेदन किया कि वे अपने घरों के सामने गाय, अन्य मूक पशुओं तथा छतों पर पक्षियों के लिए पानी और दाना अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि टंकी, बाल्टी, खाली कनस्तर या अन्य उपलब्ध पात्रों में पानी भरकर पशुओं के लिए रखा जा सकता है, वहीं मिट्टी के पात्रों में पक्षियों हेतु स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि वे स्वयं पिछले दो




माह से शहर के विभिन्न स्थानों पर रखे गौ-जल पात्रों की सफाई और जल व्यवस्था की देखरेख कर रहे हैं। साथ ही उनके द्वारा स्थापित दो स्थानों पर गुड़-चना युक्त प्याऊ सेवा के माध्यम से राहगीरों और जरूरतमंदों को शीतल जल व गुड़-चना उपलब्ध कराया जा रहा है।

# पीएम श्री बीटीआई स्कूल के छात्रों की ऑन-जॉब ट्रेनिंग आयोजित

**नवभारत/ गाडरवारा।** नगर के प्रतिष्ठित शासकीय विद्यालय पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बीटीआई) में संचालित नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत एग्जिट लेवल के छात्रों की ऑन-जॉब ट्रेनिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को उनकी ट्रेड से संबंधित इंडस्ट्री या संस्थानों में वास्तविक कार्यस्थल वातावरण का अनुभव प्रदान करना है, जिससे वे अपने कौशल का विकास कर सकें, व्यावसायिक व्यवहार को समझें तथा कार्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना सीखें। इस वर्ष बीटीआई विद्यालय के छात्रों को नगर स्थित सारा कंप्यूटर एजुकेशन में ऑन-जॉब ट्रेनिंग पूर्ण करने का अवसर मिला, जहां उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और




उसकी उपयोगिता विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने एआई के विभिन्न ऐप्स एवं टूल्स जैसे चैट जीपीटी, जेमिनी और कैनवा ग्राफिकल डिजाइनिंग आदि का व्यावसायिक उपयोग सीखकर तकनीकी दक्षता विकसित की। प्रशिक्षण स्थल, कंप्यूटर लैब एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की नि:शुल्क उपलब्धता सारा कंप्यूटर एजुकेशन के संचालक कमल साहू द्वारा सुनिश्चित की गई, जिससे छात्रों को सुविधाजनक और प्रभावी प्रशिक्षण वातावरण प्राप्त हो सका। ज्ञात हो कि 1 मई से निरंतर आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्य सुनीता पटेल के मार्गदर्शन में तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक विनोद कुमार तिवारी एवं अंशुमान दुबे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिवस समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बीटीआई विद्यालय और सारा कंप्यूटर एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। साथ ही ऑन-जॉब ट्रेनिंग के दौरान उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं स्मृति पदक देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि कमल साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# आचार्य विपिन बिहारी के मुखारबिंद से होंगे प्रवचन

## ग्राम भड़री गोटेगांव में श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आज से शुभारंभ

**नवभारत/गोटेगांव।** ग्राम भड़री (मनकवारा) की पुण्यधरा एक बार पुन: भक्ति, श्रद्धा और सनातन संस्कृति के दिव्य आलोक से आलोकित होने जा रही है। ग्राम भड़री (मनकवारा), तहसील गोटेगांव में दिनांक 24 मई, रविवार से 30 मई, शनिवार तक श्रीमद्भागवत पुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन गौ पीठाधीश्वर पूज्य महंत विपिन बिहारी जी महाराज के श्रीमुख से संपन्न होने जा रहा है। ग्राम भड़री, मनकवारा एवं भांडी के समस्त ग्रामवासियों के यजमानत्व में आयोजित यह आध्यात्मिक महायज्ञ क्षेत्र में धर्म, संस्कृति और मानव सेवा का अनुपम संगम सिद्ध होगा। सात दिवसीय इस विराट भागवत कथा आयोजन को लेकर सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण निर्मित हो गया है। गोटेगांव नगर सहित ग्रामीण अंचलों से हजारों श्रद्धालुओं के इस



दिव्य कथा अमृत का रसपान करने हेतु पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। आयोजन स्थल को भव्य धार्मिक स्वरूप प्रदान किया गया है, जहाँ श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशाल पंडाल, समुचित बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग जैसी सुविधाओं की व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सूक्ष्म स्तर पर व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी तैयारियों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश एवं सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे ने आयोजन समिति एवं ग्राम के वरिष्ठजनों के साथ कथा स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया।

### आयोजकों के प्रयासों की सराहना

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन करते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की तथा यह विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाओं के साथ सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर पूज्य कथावाचक महाराज श्री के प्रतिनिधियों ने भी आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए ग्रामवासियों की सेवा भावना, समर्पण और धार्मिक आस्था की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। विशेष उल्लेखनीय है कि सांवरे सरकार धाम के महंत आचार्य विपिन बिहारी जी महाराज का यह भड़री प्रवास केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज जागरण एवं मानवीय मूल्यों के संवर्धन का भी प्रेरणास्रोत बनेगा।

# उपार्जन केन्द्र पर नोडल अधिकारी फूफा साबित

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** गेहूं एवं चना मसूर उपार्जन के कार्य शासन स्तर पर खरीदी की जा रही है खरीदी का जिम्मा शासन में किसी एक निश्चित एजेंसी को दे रखा है और इस एजेंसी ने अपने स्तर पर खरीदी की व्यवस्था में विभिन्न प्रकार के लोगों को नियुक्त कर रखा है एजेंसी ने माल गुणवत्तापूर्ण लेने के लिए एक सर्वेयर एक ऑपरेटर और विभिन्न प्रकार के सुविधाओं के लिए लोगों के लिए रख रखा है इन्हीं सब व्यवस्थाओं को देखते हुए शासन में अपने स्तर पर एक नोडल अधिकारी को भी केंद्र पर नियुक्त किया है नोडल अधिकारी का कार्य ऐसा है जैसा की शादी विवाह में जैसे फूफा का रोल रहता है कोई कार्य बन गया तो ठीक अन्यथा बिग ?1 तो सारा दोष फूफा पर. इसी टाइप की व्यवस्था उपार्जन केंद्र पर नोडल अधिकारी की है. सारे मजा खरीदी एजेंसी लेती है और नोडल अधिकारी टिल्ली खाते रहते हैं जब शासन को कोई बात करना रहती है तो नोडल के माध्यम से बात होती है लेकिन



शासन भी फूफा की तरह नोएडा अधिकारी को दोषी साबित करती है. जब भी कोई अधिकारी उपार्जन केंद्र पर आता है तो वह खरीदी के कार्य को नहीं देखाता पर वह नोडल को जरूर देखाता है. खरीदी कार्य में चाहे कुछ भी हो उसे व्यवस्था की ओर ना ध्यान देते हुए सिर्फ और सिर्फ नोडल कहां है नोडल क्यों नहीं आया नोडल कब से नहीं आया नोडल क्या कर रहा है यह तो नोडल की जिम्मेदारी थी इत्यादि. चाहे कृषि विभाग हो या उपार्जन में बड़े जिम्मेदार जिम्मेदार अधिकारी हो वह सब नोडल की उपस्थित चाहते हैं. उपार्जन कार्य में जो संस्था खरीदी कर रही है।